an>

Title: Need to ensure proper implementation of National Health Insurance Scheme in North Bihar.

श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा): पिछले दशक में भारत में स्वास्थ्य सुरक्षा के खर्च में वार्षिक वृद्धि 10 प्रतिशत से अधिक रही। भारत जैसे देश में, जहां 86 प्रतिशत लोगों के पास किसी भी प्रकार का बीमा उपलब्ध नहीं है, स्वास्थ्य सुरक्षा की बढ़ती कीमत एक चिंताजनक विषय है। भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परन्तु इस योजना का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक नहीं पहुंच रहा है।

उत्तर बिहार के हृदय में स्थत दरभंगा में 495660 लक्षित परिवारों में से केवल 18500 परिवारों का नाम दर्ज हो पाया है। लचर स्वास्थ्य व्यवस्था व बिहार के बाकी क्षेत्रों की तुलना में अधिक मृत्यु दर के चलते उत्तर बिहार के संदर्भ में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। मेरा भारत सरकार से विनम्र अनुरोध है कि वे इस समस्या के कारणों की जांच कर, इस योजना के बेहतर प्रतिपालन हेतु उचित कदम उठाएं।